# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.09.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने आई टी आई को ए आई से जोड़ने की प्रशिक्षण केन्द्रों में बदलने की घोषणा की।
- सेवा पर्व में कृषि सुधारों पर विशेष ध्यान, किसानों को मिल रही आर्थिक शक्ति और स्थायी सुरक्षा।
- अंडमान लॉ कॉलेज में टेली मानस और आत्महत्या रोकथाम पर हुआ विशेष जागरूकता कार्यक्रम।
- निकोबार द्वीपसमूह के कैम्पबेल बे में सप्ताहभर का शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ।

<><><><><><><>

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि केंद्र सरकार राज्यों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों——आई टी आई का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित प्रशिक्षण केंद्रों में उन्नयन करने के लिए पूरी वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। आज नई दिल्ली में इंडियन फांउडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट की वार्षिक संगोष्ठि को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आई टी आई का उन्नयन उद्योग की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए हो रहा है। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि पिछले दो–तीन वार्षिक बजट में सरकार ने श्रम शक्ति को कुशल बनाने के लिए प्रावधान किए हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज, कृषि क्षेत्र में परिवर्तन और किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों का

उल्लेख किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधार और किसानों के सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पिछले ग्यारह वर्षों में कृषि मंत्रालय का बजट बढ़कर एक लाख सैंतीस हज़ार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, न्यूनतम समर्थन मूल्य में इक्यासी प्रतिशत से 226 प्रतिशत तक वृद्धि की है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 3.90 लाख करोड़ रुपये वितरित किए हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के तहत 25 लाख किसानों को 3000 रुपये की मासिक पेंशन मिल रही है और किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ऋण सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। सरकार ने कृषि सिंचाई, फसल बीमा, और कृषि अवसंरचना निधि जैसी योजनाओं से किसानों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है। इन प्रयासों से सरकार कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने और वैश्विक स्तर पर नेतृत्व स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**<><><><><><><>**

अंडमान लॉ कॉलेज ने गुरुवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस दो हजार पच्चीस का आयोजन किया। इस वर्ष का विषय **"आत्महत्या पर धारणा बदलना"** था। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में आत्महत्या की रोकथाम के लिए जागरूकता, समर्थन और सामूहिक ज़िम्मेदारी को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में एन टी एम पी एच की नैदानिक मनोवैज्ञानिक श्यामली सिंह ने आत्महत्या के कारणों और निवारक उपायों पर चर्चा की। डॉ. सुमित्रा मंडल ने टेली–मानस की भूमिका और मदद लेने के लिए टोल–फ्री नंबर एक चार चार एक छह के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को आत्महत्या रोकथाम के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य प्रो. (डॉ) पी.वी. नागेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम की सरहाना की। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा निदेशक राजीव मंडल ने आकाशवाणी श्री विजयपुरम को बताया के सामूहिक जिम्मेदारी से हम इस समस्या को समाप्त कर सकेते है।

**<><><><><><><>**

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करते हुए तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की थी। जीएसटी की नई दरें बाईस सितंबर से लागू होंगी। आज हम साइकिल उद्योग में एक नज़र डाल रहे हैं।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे ज़ोन के छात्रों के लिए एक सप्ताह का शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सुबह कैम्पबेल बे ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में शुरू हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग और कैम्पबेल बे शैक्षिक क्षेत्र के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग सौ छात्रों ने भाग लिया, और इसका उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को निखारना और शतरंज को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. केशव नरेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त, कैम्पबेल बे, ग्रेट निकोबार उपस्थित हुए, जबकि बिंदु वर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी और सुमित्रा देवी, सहायक खेल सचिव ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। अपने संबोधन में डॉ. सिंह ने शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह का आभार व्यक्त किया और छात्रों से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से उम्मीद की जा रही है कि यह नवोदित खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा और क्षेत्र के स्कूली बच्चों में खेल के प्रति रुचि को बढ़ावा देगा।

<><><><><><><>

ओपन स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप, जो बीस और इक्कीस सितंबर, को श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाली थी, प्रतिकूल मौसम के कारण स्थगित कर दी गई है। नए आयोजन की तिथियाँ शीघ्र घोषित की जाएंगी। इसके अलावा, जिन टीमों ने पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें

तीन दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। पंजीकरण राज्य ओलंपिक कार्यालय, नेताजी स्टेडियम, श्री विजयपुरम में कराया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री–आर.के.वी.वाई योजना के तहत प्रयोगशाला सहायक के पद पर साक्षात्कार उन्नीस सितंबर शाम साढ़े चार बजे कृषि निदेशक कार्यालय, हड्डो, श्री विजयपुरम में आयोजित किया जाएगा। पात्र उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने मूल दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में उपस्थित हों। दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उम्मीदवारों को साक्षात्कार से एक घंटा पहले यानी दोपहर साढ़े तीन बजे तक साक्षात्कार स्थल पर पहुंचने की सलाह दी गई है। उम्मीदवार अपनी पात्रता सूची erecruitment.andaman.gov.in पर ऑनलाइन चेक कर सकते हैं।

<><><><><><><>